संदेश

लोहड़ी, मकर संक्रान्ति, पोंगल, भोगली बिहु, उत्तरायण और पौष पर्व के अवसर पर मैं, देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

भारतवर्ष, उत्सवों और त्योहारों का देश है। भारत भर में अलग-अलग नाम और रूप में मनाए जाने वाले ये त्योहार हमारे अन्नदाता किसानों के अथक परिश्रम और उद्यम के सम्मान का भी अवसर होते हैं। अपने घर-परिवार और समुदाय के साथ नयी फसल की खुशियां बांटने का प्रतीक ये पर्व, भारत की आत्मा में रचे-बसे हैं। इन पर्वों को समाज के सभी वर्ग मिलकर परस्पर प्रेम, सौहार्द और भाइचारे की भावना से मनाते हैं।

देश के भौगोलिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक एकीकरण में इन पर्वों और त्योहारों का अमूल्य योगदान है। मेरी कामना है कि इन त्योहारों के माध्यम से लोगों में परस्पर शांति और एकता की भावना और मज़बूत हो तथा देश में समृद्धि व खुशहाली बढ़े।

(राम नाथ कोविन्द)

नई दिल्ली
12 जनवरी, 2020